क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
रविवार– 01.10.2023
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी से की अभियान की शुरुआत।
- मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 226 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रूपये के नोट बदलने की समय सीमा 7 अक्तूबर तक बढ़ाई।
- दून विश्वविद्यालय में हर गुरूवार खादी दिवस मनाया जाएगा।

स्वच्छता ही सेवा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के शहीद पार्क में स्वच्छता पखवाड़े के तहत कचरा मुक्त अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शिलापट पर माल्यार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता जागरूकता की वजह से भारत ने दुनिया के विकसित देशों के बीच की दूरी को कम किया है।
वहीं, हरिद्वार में सांसद डॉक्टर रमेश पोखरियाल निशंक ने स्वच्छता महाअभियान का शुभारंभ किया, जबकि पौड़ी में गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत की अगुवाई में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान आम लोगों ने स्वच्छता कार्यक्रमों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। जिला मुख्यालय में आयोजित स्वच्छता सेवा कार्यक्रम में तीरथ सिंह रावत ने कहा कि जिले को साफ सुथरा रखने के लिए लोगों का सहयोग देश सेवा के समान है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रखने से लोगों का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

स्वच्छ भारत–राजभवन

राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत राजभवन परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर राजभवन के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने 'देशव्यापी स्वच्छता अभियान' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। राज्यपाल ने स्वच्छता के प्रति जागरूक और संवेदनशील होने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छता को अपनाना बेहद ज़रूरी है।

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छता पखवाड़े के तहत राजधानी देहरादून के एक हजार एक सौ स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। शहरी विकास मंत्री डाक्टर प्रेमचंद अग्रवाल, टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा सहित सैकड़ों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर गांधी पार्क में रविवार को श्रमदान कर स्वच्छता अभियान का संकल्प लिया। इस मौके पर मंत्री डॉक्टर प्रेमचंद अग्रवाल ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने की अपील की। वहीं, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने स्वच्छता अभियान

के तहत देहरादून में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्री जोशी ने कहा कि स्वच्छता अभियान की शुरूआत हमें अपने घर से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता में सहयोग देना देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। वहीं, देहरादून छावनी के एक हजार दो सौ सैनिकों ने "स्वच्छता ही सेवा" अभियान में लेकर राजधानी के विभिन्न हिस्सों में सफाई की। इस दौरान सेना ने गढ़ी कैंट के निवासियों को गीले कचरे और सूखे कचरे के लिए प्लास्टिक कचरे से बने कूड़ेदान भी मुफ्त वितरित किए।

## स्वच्छता ही सेवा – 2

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत चम्पावत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े स्तर पर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक तारीख एक घंटा कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत और शहरी क्षेत्र में नोडल अधिकारियों ने जनसहभागिता से सफाई की। उधर, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट ने स्वच्छता अभियान पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

इधर, देहरादून में स्वच्छता अभियान के तहत देहरादून में प्रसार भारती परिसर में दूरदर्शन और आकाशवाणी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। वहीं, अल्मोड़ा में सुमित्रानन्दन पन्त पार्क, पुराने कलेक्ट्रेट भवन के साथ ही अन्य स्थानों पर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। इस दौरान जिलाधिकारी विनीत तोमर ने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## स्वच्छता ही सेवा–3

उधर, उत्तरकाशी जिले के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने बढ़ चढकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर गंगोत्री विधायक सुरेश सिंह चौहान ने केदार घाट से इन्द्रवती पुल तक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत पौड़ी जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। पिथौरागढ़ में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों सहित एसएसबी और आइटीबीपी के जवानो, नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने एनसीसी केडेट्स ने सांसद अजय टम्टा के नेतृत्व में वरदानी मन्दिर क्षेत्र में फैले कूड़े–कचरे को इक्टठा किया। उधर, बागेश्वर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत जिले के विभिन्न स्थानों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अपने आस–पास के क्षेत्रों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। रूद्रप्रयाग जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत सरकारी कार्यालयों, नगर पालिका, पंचायतों, स्कूलों समेत विभिन्न संस्थानों में एक घंटा श्रमदान किया। वहीं, चमोली में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान और अपर जिलाधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी ने लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान छात्रों ने स्वच्छता जागरूकता रैलियां भी निकालीं।

## नियुक्ति पत्र

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 226 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पदों पर नियुक्तियां होने से आम लोगों की परेशानियां दूर होंगी और विकास कार्यों में तेजी आयेगी। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से जीवन में मानक बनाकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। श्री धामी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को प्रदेश के विभिन्न विभागों में रिक्त पदों का संज्ञान लेकर नियुक्ति प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए जिम्मेदार दी गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नगर निगम देहरादून द्वारा विकसित किये गये सिटीजन एप

'वन स्टॉप सोल्यूशन' को भी लांच किया। साथ ही श्री धामी ने ओडीएफ प्लस के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए हरिद्वार तथा टिहरी को और स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सबसे अधिक श्रमदान करने के लिए देहरादून और उधमसिंह नगर जिले को पुरस्कृत भी किया।

समय सीमा बढोतरी

भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रूपये के नोट बदलने की समय सीमा 7 अक्तूबर तक बढा दी है। रिजर्व बैंक ने एक वक्तव्य में बताया कि नोट बदलने की समय सीमा कल समाप्त हो रही थी और एक समीक्षा के आधार पर दो हजार रूपये के नोट जमा करने या बदलने की वर्तमान व्यवस्था को 7 अक्तूबर तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

आयुष्मान भवः अभियान

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की अपर सचिव हेकाली झिमोमी ने राज्य में चल रहे आयुष्मान भवः अभियान की समीक्षा की। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों से विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि अभियान के तहत प्रदेशभर में अब तक 60 लाख लोगों की आभा आईडी और 52 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डाक्टर धन सिंह रावत ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन के तहत राज्य में हर व्यक्ति की आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट यानि आभा आईडी बनाई जानी है।

ड्रग्स फ्री देवभूमि

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान—2025 के तहत गाजणा पट्टी के सिरी और कोनगढ़ में पुलिस, राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम में करीब 300 नाली भू—भाग पर लगाई गई भांग की खेती को नष्ट किया। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया गया कि नशे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए उत्तरकाशी पुलिस द्वारा मुहिम उदयन के अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर भांग और अन्य नशीले पदार्थों की अवैध खेती पर को नष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।

खादी दिवस

दून विश्वविद्यालय में हर सप्ताह खादी दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत हर गुरूवार को छात्र, शिक्षक और कॉलेज के कर्मचारियों को खादी का कपड़ा पहनकर आना होगा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि इस अभियान से खादी को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सप्ताह शुक्रवार के दिन स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

समझौता

कृषि विपणन और प्रसंस्करण सहकारी संघ ऑफ इंडिया और उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के बीच एक संयुक्त संगठन बनाने को लेकर समझौता हुआ है। सहकारिता मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने इस समझौते से राज्य के किसानों की उन्नति होगी और प्रदेश के कृषि, उद्यानिकी और जैविक उत्पादों के विपणन और प्रसंस्करण के साथ ही राज्य की खरीद और आपूर्ति को बढ़ावा मिलेगा।

मानसून समाप्त

देश में मॉनसून समाप्त हो गया है। इस साल जून से सितम्बर तक 94 दशमलव चार प्रतिशत वर्षा हुई। भारतीय मौसम विभाग ने बताया है कि दक्षिण–पश्चिम मॉनसून के मौसम में देश के वर्षा सिंचित कृषि क्षेत्रों में लम्बी अवधि के औसत में एक सौ एक प्रतिशत वर्षा हुई, लेकिन कुल क्षेत्रफल का 73 प्रतिशत हिस्सा और सात सब–डिवीजनों में मॉनसून के दौरान सामान्य से कम वर्षा हुई।

मेगा रक्तदान शिविर

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून के रेस कोर्स में ''मेगा रक्तदान शिविर'' का शुभारंभ किया। उन्होंने इस दौरान 1 सौ 17 बार रक्तदान करने वाले ऋषिकेश के राजेन्द्र बिष्ट सहित 50 से अधिक बार रक्तदान करने वालों को सम्मानित किया।